चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/956
दिनांक : 27/5/23

विज्ञप्ति

विषय : आन्तरिक/प्रयोगात्मक/वायवा परीक्षाओं के डॉकेट डिलीट न करने के सम्बन्ध में।

प्रायः देखने में आया है कि कतिपय महाविद्यालय व संस्थान द्वारा आन्तरिक/प्रयोगात्मक/वायवा परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर गलत अपलोड कर दिये जाते हैं। तत्पश्चात् उनके द्वारा मेल/पत्र के माध्यम से यह उल्लेख करते हुए कि त्रुटिवश पोर्टल पर अंक गलत अपलोड कर दिये गये हैं। उनके द्वारा सही अंक पोर्टल पर अपलोड करने हेतु डॉकेट डिलीट किये जाने का अनुरोध किया जाता है।

स्वतः स्पष्ट है कि जब परीक्षक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा पोर्टल पर अंक अपलोड किये जाते हैं तब सावधानी नहीं बरती जाती है जिससे इस प्रकार की त्रुटि होती है। परीक्षक/प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/विभागाध्यक्ष का यह दायित्व है कि पोर्टल पर अंक अपलोड करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि पोर्टल पर सही अंकों को ही अपलोड किया गया है। तत्पश्चात् उन्हें Save करके ही अन्तिम रूप से Submit किया जाय जिससे किसी भी त्रुटि की सम्भावना को नगण्य किया जा सके। डॉकेट डिलीट किये जाने हेतु बार–बार अनुरोध किये जाने से परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इससे महाविद्यालय व विश्वविद्यालय की छवि भी धूमिल होती है एवं परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलम्ब होता है।

एतद्द्वारा चौधरी चरण सिंह विष्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/संस्थान से अनुरोध है कि ऑनलाईन पोर्टल पर जब भी अंक अपलोड करें। उन्हें भली–भांति परीक्षण करने के उपरान्त Save करके ही अन्तिम रूप से Submit करें जिससे परीक्षाओं की शुचिता एवं पारदर्षिता को अक्षुण्ण रखा जा सके एवं परीक्षा परिणाम समय से घोषित किये जा सके।

यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सावधानीपूर्वक उक्त प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया जाता है और डॉकेट डिलीट कराये जाने हेतु मेल या पत्र प्रेषित किये जाते हैं तो उनका उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

27/05/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. आउट सोर्स कम्पनी मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 एवं मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

27.5.2023
उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/968